कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में तीन दविसीय इंटरनेशनल वाईल्ड लाईफ कॉन्फ्रेंस

चर्चा में क्यों?

26 अप्रैल, 2023 को मध्य प्रदेश जन संपर्क वभिाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में 27 से 29 अप्रैल तक 'इंटरनेशनल वाईल्ड लाईफ कॉन्फ्रेंस' का आयोजन कयिा जाएगा।

प्रमुख बदिु

- इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन प्रदेश में वानकिी अनुसंधान का एक शतक पूरे होने और मुख्यमंत्री शविराज सहि चौहान द्वारा नर्मदापुरम में 27 मार्च, 2022 को की गई घोषणा के अनुरूप कयिा जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में वन्य-जीव वशिेषज्ञ-पँभूषण डॉ. एच.एस. पवार सहति दक्षणि अफ्रीका और नामीबयिा के ख्यातलिब्ध वन्यजीव वशिेषज्ञ शामलि हो रहे हैं।
- आज़ादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री के उद्देश्यों के अनुरूप इकोनॉमी और इकोलॉजी की नीतिको अपनाते हुए देश के सर्वांगीण वकिास के लयिे नष्किर्ष नकिालना कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य है।
- वन वभिाग और राज्य वन अनुसंधान 'वन्य-जीव संरक्षण उभरता परदृश्य एवं इस भावी रणनीति' वषिय पर वन्य-प्राणी प्रबंधन-संरक्षण, पुनर्वास और मध्य प्रदेश सहति भारत में एक आदर्श पारस्थितिकि संतुलन बनाने के लयिे इस क्षेत्र के वशिेषज्ञ, शोधकर्त्ता और पेशेवर 4 तकनीकी वषिय पर शोध पत्र एवं वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।
- इसके साथ ही वन्य-प्राणी प्रबंधन, संरक्षण और पुनर्वास जैसे महत्त्वपूर्ण वषियों पर वर्तमान परदृश्यों पर गहन मंथन कर भवषि्य की रणनीतिऔर नीतयिाँ तय की जाएंगी।
- कॉन्फ्रेंस, वन्य-जीव जनसंख्या प्रबंधन, वन्य-जीव आवास पारस्थितिकिी, वन्य-जीव नीतकि मुद्दे चुनौतयिाँ और मानव वन्य-जीव संघर्ष और शमन उपाय जैसे तकनीकी वषियों पर होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/3-day-international-wildlife-conference-in-kanha-national-park